अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि IAS / PCS ACADEMY

at a glance...

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

**11 OCT. 2023**

**USEFUL FOR**

## IAS | PCS

**& other civil services exams**



**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस: 10 अक्टूबर**




- विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर साल 10 अक्टूबर को मनाया जाता है।
- यह मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित दिन है।
- इसे पहली बार 1992 में वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य संगठन वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ की पहल पर मनाया गया था।
- विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2023 का विषय 'मेंटल हेल्थ इज ए यूनिवर्सल ह्यूमन राईट' है।

2. **अगले महीने की 10 तारीख को 8वां आयुर्वेद दिवस मनाया जाएगा**




- केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि 8वां आयुर्वेद दिवस अगले महीने की 10 तारीख को मनाया जाएगा।
- मुख्य कार्यक्रम हरियाणा के पंचकुला में होगा।
- इस वर्ष का विषय "आयुर्वेद फॉर वन हेल्थ" है।
- मंत्रालय का इरादा न केवल मनुष्यों बल्कि पर्यावरण, पौधों, जानवरों आदि की भलाई को बढ़ावा देने में आयुर्वेद की क्षमता का पता लगाना है।

3. **सात्विक - चिराग: BWF रैंकिंग में भारत की नंबर वन जोड़ी**



- सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (BWF) रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया।
- वे इस मुकाम तक पहुंचने वाली देश की पहली जोड़ी बन गईं।
- हांग्जो में एशियाई खेलों में पुरुष युगल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के बाद, वे इस उपलब्धि तक पहुंचने वाली देश की पहली जोड़ी बन गईं।

4. **बसोहली पश्मीना, उधमपुर की कलारी के लिए GI टैग**



- प्रसिद्ध बसोहली पश्मीना, जो अपनी पंख जैसी कोमलता के लिए जाना जाता है, और उधमपुर की मथित दूध की विशेषता कलारी को प्रतिष्ठित GI टैग प्राप्त हुआ।
- GI उन उत्पादों पर इस्तेमाल किया जाने वाला एक चिन्ह है जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है और उनमें उस उत्पत्ति के कारण गुण या प्रतिष्ठा होती है।
- उत्तम पशमीना कारीगरों द्वारा हाथ से बनाया जाता है और इसमें कड़ी मेहनत शामिल होती है।

5. **क्रिकेट को 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में शामिल करने की तैयारी**



- क्रिकेट को 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में शामिल करने की तैयारी है।
- 15 अक्टूबर 2023 को मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के 141 वें सत्र के बाद निर्णय की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।
- ओलंपिक ने इससे पहले 1900 में क्रिकेट की मेजबानी की थी जब इंग्लैंड ने स्वर्ण पदक का फैसला करने के लिए एक ही मैच में फ्रांस से खेला था।
- LA में 2028 में, पुरुष और महिला T20 टूर्नामेंट होगा।

6. **निर्वाचन आयोग ने हाल ही में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव कराने की घोषणा की**




- 'मिजोरम, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मध्य प्रदेश की विधानसभा सीटों को मिलाया जाए तो कुल सीटें 679 होंगी।
- मिजोरम में विधानसभा चुनाव 7 नवंबर को होगा।
- छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव 7 नवंबर और 17 नवंबर को दो चरणों में होगा।
- मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 17 नवंबर को होगा।
- राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 23 नवंबर को होगा।
- तेलंगाना में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 30 नवंबर को होगा।
- सभी राज्यों में मतगणना 3 दिसंबर को होगी।
- **भारतीय चुनाव आयोग –**
- स्थापना- 25 जनवरी
- मुख्यालय - नई दिल्ली
- प्रथम कार्यकारी - सुकुमार सेन
- पूर्ववर्ती कार्यकारी - सुशील चंद्रा
- वर्तमान कार्यकारी- राजीव कुमार

7. **अरुणाचल प्रदेश के खामती चावल को GI टैग मिला**




- अरुणाचल प्रदेश को चेन्नई में जीआई रजिस्ट्री द्वारा खामती चावल, तवांग से याक चुरपी और तांगसा वस्त्र के लिए भौगोलिक संकेत (GI) टैग से सम्मानित किया गया है।
- बता दें कि खाम्ती चावल नामसाई जिले में उत्पादित चिपचिपा चावल की एक किस्म है।
- यह अपने स्वाद के लिए जाना जाता है।

8. **इज़राइल ने हमास के खिलाफ जारी लड़ाई को ऑपरेशन आयरन स्वॉर्ड नाम दिया**



- इज़राइल ने हमास के खिलाफ जारी लड़ाई को ऑपरेशन आयरन स्वॉर्ड ( Operation Iron Sword) नाम दिया है.
- हमास एक फिलिस्तीनी उग्रवादी समूह है जो गाजा पट्टी के कुछ क्षेत्रों को अपने नियंत्रण में रखता है.
- गाजा पट्टी इज़राइल, मिस्र और भूमध्य सागर के बीच 41 किमी (25 मील) लंबा और 10 किमी चौड़ा क्षेत्र है.
- यहां लगभग 2.3 मिलियन लोग रहते है जो दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाले क्षेत्रो में से एक है.

9. **बानी वर्मा को बीएचईएल के निदेशक के रूप में नियुक्त किया**




- सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने बानी वर्मा को कंपनी का निदेशक (औद्योगिक प्रणाली एवं उत्पाद) नियुक्त किया है.
- इससे पहले बानी बेंगलुरु में कंपनी की इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन विनिर्माण यूनिट का नेतृत्व कर रहीं थी.
- बीएचईएल भारतीय केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का सबसे बड़ा बिजली उत्पादन उपकरण निर्माता कंपनी है.

10. **तंजानिया की राष्ट्रपति को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया**

- 


- तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहु हसन (Samia Suluhu Hassan) को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया,
- वह इस सम्मान से सम्मानित होने वाली पहली महिला बन गईं.
- सामिया इस समय अपनी चार दिवसीय भारत यात्रा पर है.
- तंजानिया एक पूर्वी अफ़्रीकी देश है, इसकी राजधानी डोडोमा है.

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?**
   (a) 8 अक्टूबर
   (b) 9 अक्टूबर
   (c) 10 अक्टूबर
   (d) 11 अक्टूबर
2. **8वां आयुर्वेद दिवस कहां पर मनाया जायेगा?**
   (a) पंचकुला हरियाणा
   (b) फिरोजपुर पंजाब
   (c) प्रयागराज, उत्तर प्रदेश
   (d) इनमे से कोई नही
3. **किस बैडमिंटन खिलाड़ी की जोड़ी BWF रैंकिंग में नंबर वन जोड़ी बन गई है?**
   (a) अविनाश मुकुंद -चिराग
   (b) सात्विक-चिराग
   (c) ज्योति सुरेखा एवं ओजस
   (d) इनमे से कोई नही
4. **बसोहली पश्मीना, उधमपुर की कलारी के लिए GI टैग मिला, कलारी का संबंध किस राज्य से है?**
   (a) जम्मू कश्मीर
   (b) लद्दाक
   (c) हिमाचल प्रदेश
   (d) उत्तराखंड
5. **क्रिकेट को किस वर्ष लॉस एंजिल्स ओलंपिक में शामिल करने की तैयारी है?**
   (a) 2026
   (b) 2027
   (c) 2028
   (d) 2030
6. **निर्वाचन आयोग ने हाल ही में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव कराने की घोषणा की है। निर्वाचन आयोग के प्रमुख कौन हैं?**
   (a) राजीव कुमार
   (b) सुशील चंद्रा
   (c) सुकुमार सेन
   (d) आनंद तिवारी
7. **हाल ही में किस राज्य के खामती चावल को GI टैग मिला है ?**
   (a) महाराष्ट्र
   (b) पश्चिम बंगाल
   (c) अरुणाचल प्रदेश
   (d) इनमें से कोई नहीं
8. **इज़राइल ने हमास के खिलाफ जारी लड़ाई को क्या कोड नाम दिया है?**
   (a) ऑपरेशन गाजा
   (b) ऑपरेशन आयरन मैन
   (c) ऑपरेशन आयरन स्वॉर्ड
   (d) ऑपरेशन अटैक
9. **बीएचईएल के निदेशक (औद्योगिक प्रणाली एवं उत्पाद) के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**
   (a) रजत अग्रवाल
   (b) बानी वर्मा
   (c) दीपक वर्मा
   (d) अजय कपूर
10. **तंजानिया की राष्ट्रपति कौन है जो जेएनयू द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्राप्त करने वाली पहली महिला बनीं है?**
   (a) एलेन जॉनसन सरलीफ़
   (b) सिंडी किरो
   (c) सुसान डौगन
   (d) सामिया सुलुहु हसन

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (c) | (a) | (b) | (a) | (c) | (a) | (c) | (c) | (b) | (d) |